सं.20/6/2004-एएसओ
भारत सरकार
कोयला मंत्रालय

शास्त्री भवन,
नई दिल्ली, 15 नवम्बर, 2012

## परिपत्र

**विषयः कोयला मंत्रालय के अधीन कोयला खान भविष्य निधि संगठन में प्रतिनियुक्ति/ लघु कालिक संविदा आधार पर आयुक्त का पद भरना ।**

कोयला मंत्रालय के अधीन कोयला खान भविष्य निधि संगठन में प्रतिनियुक्ति/ लघु कालिक संविदा आधार पर आयुक्त के पद को भरने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन अनुबंध - II के अनुसार निर्धारित प्रोफार्मा में आमंत्रित किए जाते हैं। पद से संबंधित विवरण अनुबंध -I में दिया गया है ।

2. अनुरोध है कि जो पात्र उम्मीदवार इस पद के लिए विचार किए जाने के लिए इच्छुक हों तथा जिन्हें चयन होने पर तत्काल कार्यमुक्त किया जा सके, उनके आवेदन पत्र पिछले 5 वर्ष का वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट के डोजियरों की सत्यापित फोटो प्रतियों, सतर्कता निकासी तथा सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, काडर स्वीकृति, पिछले दस वर्षों के दौरान आरोपित बड़ी/छोटी शास्ति के विवरण, यदि कोई हों, के साथ अधोहस्ताक्षरी को "इम्पलायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार" में इस रिक्ति परिपत्र के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि के अंदर अग्रेषित किए जा सकते हैं। अधिकारी आवेदन में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख करें कि वे प्रतिनियुक्ति पर या लघु कालिक संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए विचार किया जाना चाहते हैं। आवेदकों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पूर्ण दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदनों की अग्रिम प्रतियों पर या उचित माध्यम से प्राप्त न होने वाले आवेदनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

एस. अशरफ
( एस. अशरफ )
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 23073425

**अनुबंध - I**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | सीएमपीएफओ में आयुक्त |
| 2. | पद की संख्या | एक |
| 3. | वर्गीकरण | ग्रुप - ए, राजपत्रित, गैर - मंत्रालयी |
| 4. | मंत्रालय/विभाग | कोयला मंत्रालय |
| 5. | वेतनमान | पे बैंड -4 (37400-67000रू0/-) 10000रू0/-ग्रेड पे (संशोधित) |
| 6. | भर्ती की विधि | जांच एवं चयन समिति के माध्यम से प्रतिनियुक्ति / लघु कालिक संविदा |
| 7. पात्रता की शर्तें : | | |

**प्रतिनियुक्ति / लघु कालिक संविदा**

(क) आखिल भारतीय सेवाओं/संगठित ग्रुप ' ए ' सेवाओं/ भारत सरकार के सीपीएसई के अधिकारी

1. मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर समकक्ष पद पर कार्यरत

या

2. 37400-67000 रू. के वेतनमान तथा 8700 रू. के ग्रेड पे या मूल संवर्ग/विभाग में समान वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में 3 वर्ष की सेवा।

या

3. ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा के साथ कोयला खान भविष्य निधि संगठन में अपर आयुक्त और ग्रेड में 8 वर्ष की नियमित सेवा के साथ कोयला खान भविष्य निधि संगठन में संयुक्त आयुक्त।

और

(ख) प्रशासन और स्थापना मामलों में 15 वर्ष का अनुभव, और/या वित्तीय प्रशासन और/या भविष्य निधि संगठन के प्रबंधन का अनुभव

**टिप्पणी 1.** निर्धारित वेतनमान केन्द्रीय सरकार के वेतनमान हैं।

**टिप्पणी 2.** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारियों के लिए 75000-90,000 रू. के वेतनमान में औद्योगिक मंहगाई भत्ते वाले पदों को समकक्ष पद माना जाएगा और ई-

9 ग्रेड के अधिकारी या 65000-75000 रू. के वेतनमान वाले पद के ग्रेड में 5 वर्ष का अनुभव रखने वाले अधिकारी भी आवेदन करने के पात्र होंगे।

**टिप्पणी 3.** प्रतिनियुक्ति/लघु कालिक संविदा आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन से किसी अधिकारी द्वारा 1.1.2006 (वह तारीख जब से छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन ढांचे को लागू किया गया है) से पहले नियमित आधार पर प्रदान की गई सेवा को वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित तदनुरूपी ग्रेड वेतन/लागू वेतन मान में की गई सेवा समझा जाएगा सिवाय उस स्थिति में जहां एक से ज्यादा पूर्व संशोधित वेतन मान को एक ग्रेड में समान/वेतनमान में विलय कर दिया गया है और जहां यह लाभ केवल उन पदों पर लागू होगा जिनके लिए वह ग्रेड वेतन/ वेतनमान बिना किसी ग्रेडोन्नयन के सामान्य रूप से बदला गया है।

**टिप्पणी 4.** प्रतिनियुक्ति की अवधि इस नियुक्ति से तत्काल पहले इसी या केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य संगठन/विभाग में धारित वाह्य संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति को मिलाकर सामान्यः सात वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन की प्राप्ति के लिए अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

8. आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथिः इम्पलायमेंट न्यूज में रिक्ति परिपत्र के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन।

**अनुबंध-II**

# जीवन वृत्त प्रोफार्मा

1. आवेदित पद :

2. नाम और पता बड़े अक्षरों में :

3. पिता का नाम :

4. केन्द्र सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख :

5. (I) शैक्षणिक योग्यता :

   (II) तकनीकी योग्यता :

6. क्या इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य : योग्यता पूर्ण हैं । (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समतुल्य माना गया है तो उसका प्रमाण बताएं)

| अनिवार्य | अपेक्षित योग्यता/अनुभव | अधिकारी के पास योग्यता/अनुभव |
|---|---|---|
| 1. | | |

7. कृपया स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि ऊपर की गई प्रविष्टियों के आलोक में आप पद की अपेक्षाएं पूरी करते हैं ।

8. कालानुक्रमिक क्रम में नियोजन का विवरण , यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो तो अपने हस्ताक्षर से अधिप्रमाणित शीट अलग से संलग्न करें ।

| कार्यालय/संस्था/संगठन, | पद, | से - तक | वेतनमान | कार्यों की प्रकृति | धारित | मूल वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|

9. वर्तमान नियोजन की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी :

10. यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/ संविदा आधारित है तो कृपया बताएं :

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख :

(ख) प्रतिनियुक्ति /संविदा पर नियुक्ति की तारीख :

11. वर्तमान नियोजन से संबंधित अतिरिक्त विवरण :

12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं ? यदि हाँ, तो तारीख बताएं जब से संशोधन किया गया है तथा संशोधन पूर्व वेतनमान भी बताएं :

13. इस समय प्रतिमाह ली जा रही कुल परिलब्धियां :

14. कोई अतिरिक्त सूचना जिसे आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में बताना चाहेंगे
यदि जगह अपर्याप्त हो तो अलग शीट संलग्न करें । :

15. क्या आप अनु0जाति/अनु0जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं :

16. क्या आवेदन प्रतिनियुक्ति या समावेशन के लिए है :

17. टिप्पणी (यदि कोई हो) :

तारीख :

स्थान :

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

पता :